**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर,**
**लखनऊ**

**संख्या- 54 /03/कम्प्यूटर अनु0(बारह)/2023-25/08-परीक्षा/2022**

लखनऊः दिनांक 21 मार्च, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2021)/08 के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक (उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अधीनस्थ कार्यालय लिपिक संवर्ग) के कुल रिक्त 1148 पदों तथा उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 114 पदों अर्थात दोनों विभागों हेतु कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 1262 पदों हेतु लिखित परीक्षा के उपरांत आयोजित टंकण परीक्षा में सफल 4613 अभ्यर्थियों का परिणाम मा० आयोग के अनुमोदनोपरांत दिनांक 01.03.2025 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था।

सूच्य है कि आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 07.03.2025 द्वारा अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि टंकण परीक्षा में सफल समस्त 4613 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण दिनांक 03.04.2025 से आयोग कार्यालय में आयोजित किया जाएगा तथा अर्हता / अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की सूचना यथासमय पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 4613 अभ्यर्थियों का अर्हता /अभिलेख परीक्षण **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में निम्नानुसार आयोजित किया जाना निर्धारित है-

| क्र.सं. | दिनांक | पाली-1 (पूर्वाह्न 10:00) अभ्यर्थियों की संख्या | पाली-2 (अपराह्न 01:30) अभ्यर्थियों की संख्या | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 2 | 04.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 3 | 05.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 4 | 07.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 5 | 15.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 6 | 16.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 7 | 17.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 8 | 19.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 9 | 21.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 10 | 22.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 11 | 23.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 12 | 29.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 13 | 30.04.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 14 | 01.05.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 15 | 02.05.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 16 | 03.05.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 17 | 05.05.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 18 | 06.05.2025 | 125 | 125 | 250 |
| 19 | 07.05.2025 | 113 | अनुपस्थित अभ्यर्थी | 113 |
| **कुल** | | | | **4613** |

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण से पूर्व उनके समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी मूल प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित अनिवार्य अर्हता के सापेक्ष समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं उनकी छायाप्रतियों तथा पासपोर्ट साइज के 02 रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाऊनलोड किये गए अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्रों की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं उनकी स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों।

उक्त के साथ ही अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि किसी उचित कारण से यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है तथा इसकी जानकारी लिखित रूप में अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 07.05.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक आयोग कार्यालय में दी जाती है तो सक्षम स्तर से अनुमति के उपरांत उसे दिनांक 07.05.2025 की द्वितीय पाली (अपराह्न 01.30 बजे) में अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

21/03/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।